दैनिक जागरण

7 Dec, 2020

मिट्टी में मुख्य व सूक्ष्म पोषक संतुलन जरूरी

जागरण संवाददाता,उत्तरकाशी : कृषि विज्ञान केंद्र चिन्यालीसौड़ में विश्व मृदा दिवस का आयोजन ऑनलाइन तथा ऑफ लाइन मोड में किया गया।कार्यक्रम में केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. पंकज नौटियाल ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य एवं मिट्टी की जांच के फायदे एवं उपयोग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मृदा में मुख्य एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के संतुलन को बनाये रखने से ही हमारे खेतों की उत्पादकता बढ़ सकती है। साथ ही उन्होंने किसानों से नए किसान बिल को लेकर भी चर्चा की। जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड, पी सुनील मोहनकृष्णन ने किसानों से सीधा संवाद कर कहा कि किसानों को मृदा परीक्षण करवाना चाहिए। इस मौके पर केंद्र के कृषि प्रसार विशेषज्ञ डॉ. गौरव पपनै ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर केंद्र के वरुण सुप्याल, रीतिका भास्कर, नीरज जोशी, रोहिणी खोब्रागडे, ख्याली राम, केएन बहगणा आदि मौजूद थे।